कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0,
संख्या–18(1)/अति– 03/ए0ई0–21/2021–22 टी.सी.
प्रयागराजः दिनांकः 28 अप्रैल, 2023

<u>विस्तृत–विज्ञप्ति</u>

सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा (सामान्य चयन/विशेष चयन) परीक्षा– 2021 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं <u>पदवार/श्रेणीवार</u> कट ऑफ अंक आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर दिनांक–28.04.2023 से 04.05.2023 तक उपलब्ध रहेंगे। अतः अभ्यर्थीगण द्वारा उक्त वेबसाइट पर क्लिक करने पर प्रदर्शित फार्मेट पर वांछित सूचनाओं की प्रविष्टि करने के उपरान्त उनके मोबाइल पर प्राप्त O.T.P. की प्रविष्टि करके अपने प्राप्तांक प्राप्त किये जा सकते हैं।

जिन अभ्यर्थियों को O.T.P. प्राप्त नहीं हो रहा है तथा O.T.P. प्राप्त करने हेतु वे अपना मोबाइल नं0 परिवर्तित कराना चाहते हैं, ऐसे अभ्यर्थी उक्त निर्धारित तिथि के अन्दर प्रार्थना पत्र जिसमें अनुक्रमांक, नाम, पिता का नाम, परिवर्तित मोबाइल नं0 एवं हस्ताक्षर अवश्य हों एवं उसके साथ स्वप्रमाणित आई.डी. प्रूफ (वोटर आई.कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, आधार कार्ड अथवा हाईस्कूल का प्रमाण पत्र) की छाया प्रति संलग्न कर अनुभाग अधिकारी, परीक्षा–4 अनुभाग उ0प्र0 लोक सेवा आयोग प्रयागराज को काउन्टर पर उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा प्रेषित करें। तदोपरान्त मोबाइल नम्बर परिवर्तित होने का S.M.S. अभ्यर्थियों को उनके नये मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होगा। फिर नये मोबाइल नम्बर के आधार पर वे उपर्युक्त प्रक्रियानुसार अपने प्राप्तांक प्राप्त कर सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त इसमे कोई अन्य प्रकार की विश्लेषणात्मक सूचना नहीं है। इस सम्बन्ध में यह भी सूचित किया जाता है कि चूँकि प्रश्नगत परीक्षा से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं <u>पदवार/श्रेणीवार</u> कट ऑफ अंक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिये गये हैं अतः प्राप्तांकों अथवा <u>पदवार/श्रेणीवार</u> कट ऑफ अंकों की सूचना प्राप्त करने हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र प्रेषित न किये जायें।

(अजय कुमार तिवारी)
परीक्षा नियन्त्रक।